Synthetic milk

4916. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA:

SHRI ANANT RAM JAISWAL:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether attention of Government has been drawn to the news report under the heading "Synthetic milk dangerous for health, warn experts", which appeared in Indian Express dated 3rd April, 1995; and

(b) if so, what is the reaction of Government thereto and what steps would be taken by Govenment to prevent/save public from dangerous health consequences?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM): (a) Yes Sir.

(b) The sale of milk or milk products containing a substance not found in milk is already prohibited under the provisions of Prevention of Food Adulteration Rules, 1955. The food (Health) Authorities of States/Union Territories have been requested to keep a strict vigil on quality of milk.

सिंदरी और बरौनी में उर्वरक संयंत्रों की उत्पाद क्षमता

4917. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या रसायन एवं उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सिंदरी और बरौनी में स्थित उर्वरक संयंत्रों की वर्तमान उत्पादन क्षमता क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि दोनों संयंत्रों की उत्पादन क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया जा रहा है क्योंकि वे पुराने हो गये हैं ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इन संयंत्रों का आधुनिकीकरण के लिये कोई ठोस कदम उठाना चाहती है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फलेरियो) : (क) और (ख) फर्टिलाइजर कार्पोरेशन आफ इंडिया लि० (एफ सी आई) के सिन्दरी एकक और हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर कार्पोरेशन लि० (एच एफ सी) के बरौनी एकक की वर्तमान स्थापित क्षमता नाइट्रोजन के रूप में 222.15 हजार टन तथा 151.8 हजार टन प्रति वर्ष है । एफ सी आई के सिन्दरी एकक तथा एच एफ सी के बरौनी एकक में निम्न क्षमता उपयोगिता के मुख्य कारण प्रौद्योगिकी कमियां, सिस्टम डिजाइनों में अपर्याप्तता, संयंत्रों के पुरानेपन के कारण उपस्कर की बारम्बार खराबी तथा वित्त सम्बन्धी बाधाओं के कारण निवेश की अधिप्राप्ति प्रभावित हुई तथा सामयिक नवीकरण और प्रतिस्थापन नहीं हो सके ।

(ग) और (घ) एफ सी आई और एच० एफ०सी० दोनों को औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्गठन बोर्ड (बी आई एफ आर) द्वारा रुग्ण औद्योगिक कम्पनियां (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 के अंतर्गत रुग्ण कम्पनियां घोषित किया गया है । एफ सी आई के सिन्दरी एकक तथा एच एफ सी के बरौनी एकक, के पुनरुत्थान/पुनरुद्धार/आधुनिकीकरण बी आई एफ आर, जो एक न्यायिक कल्प है, के समक्ष लंबित कार्रवाईयों के परिणाम पर निर्भर करेगा ।

Use of Hindi for Administation work

4918. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether his Ministry has chalked out any plan to promote the use of Hindi language in its administration and other wings;

(b) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor; and